आरोप — मंझौली के पंचायत दर्पण पर कार्यों की तस्वीरें नदारद, इंजीनियर-दुकानदार गठजोड़ पर गंभीर सवाल

# फर्जी बिलों से सरकारी धन की खुली लूट




**मझौली, संवाददाता।** जनपद पंचायत मझौली अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों में सरकारी धन की खुलेआम लूट का गंभीर मामला सामने आ रहा है। आरोप है कि विकास कार्यों के नाम पर फर्जी और मनमाने बिलों का धड़ल्ले से भुगतान किया जा रहा है, जबकि पंचायत दर्पण पोर्टल पर जारी कार्यों की न तो कोई तस्वीरें अपलोड हैं और न ही वास्तविक प्रगति का विवरण उपलब्ध है।

नियमों के अनुसार प्रत्येक पंचायत कार्य का जियो-टैग फोटो, कार्य स्थल की जानकारी और प्रगति विवरण पंचायत दर्पण पर अपलोड किया जाना अनिवार्य है। इसके बावजूद बिना स्थल निरीक्षण, बिना माप पुस्तिका (एमबी) के सत्यापन और बिना तकनीकी स्वीकृति के भुगतान किए जाने से इंजीनियरों और दुकानदारों की मिलीभगत की आशंका गहराती जा रही है।

### अभी तक नहीं कराया गया तकनीकी ऑडिट

सबसे गंभीर बात यह है कि इतने स्पष्ट उल्लंघनों के बावजूद न तो किसी स्तर पर तकनीकी ऑडिट कराया गया और न ही जिम्मेदार अधिकारियों पर कोई कार्रवाई हुई। यह स्थिति मध्यप्रदेश पंचायत राज अधिनियम, वित्तीय नियमों एवं भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम का सीधा उल्लंघन है। अब जनता मांग कर रही है कि तत्काल उच्च स्तरीय जांच कराई जाए, दोषियों पर आपराधिक प्रकरण दर्ज हों और पंचायतों में हुए प्रत्येक भुगतान का सामाजिक एवं तकनीकी ऑडिट कराया जाए। वरना यह 'विकास' नहीं, कानूनी अपराध माना जाएगा।



# नवनिर्मित महमाईन दाई मंदिर में विराजीं नौ देवियां

**नवभारत ,बेलखाड़ू।** बेलखाडू से पश्चिम दिशा में 8 किलोमीटर अंदर ग्राम कैथरा, खिरवा, बमुरिया के संयुक्त तिराहे पर स्थित प्राचीन महमाईन दाई मंदिर बना हुआ था जिसे तोड़कर नए सिरे से भव्य मंदिर निर्माण किया गया ।

मंदिर बनकर तैयार होने के बाद मंदिर में महमाईन दाई माता की मूर्ति के साथ साथ नव देवियों की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम रखा गया। इस मौके पर विधि विधान से नव देवियों की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। आयोजन में पूजन शास्त्री रामभजन तिवारी, आचार्य संदीप शास्त्री, शास्त्री मिश्रा, दिनेश पांडे , इंद्रकुमार पांडेय, ओमकार पांडे, संदीप गर्ग, भीकम पटेल,भारत पटेल, रत्तू पटेल, सुरेन्द गोंड , बिष्नु पटेल, रामचरण सेन, बलराम प्रजापति सहित तीनों गांव के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



# पड़ोसी ने पीटा, धमकाया, छात्रा के कपड़े फटे

▸ बेल का बाड़ा में पड़ोसी की गुंडागर्दी



**नवभारत, जबलपुर।** हनुमानताल थाना अंतर्गत बेल का बाड़ा मोतीनाला वार्ड में पड़ोसी ने गुंडागर्दी दिखाते हुए छात्रा के साथ मारपीट कर न केवल उसे धमकाया बल्कि उसके कपड़े भी फाड़ दिए। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर आरोपित के की तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस से जानकारी के अनुसार बेल का बाड़ा निवासी युवती बीए की छात्रा है। जिसके घर के सामने रहने वाला रोहित रैकवार अक्सर शराब पीकर उनसे बिना वजह अभद्रता है। पड़ोसी समझकर शांत रहती थी। युवती के पास रोहित के भाई सुमित का फोन आया। जिसने बताया कि रोहित उसका फोन नहीं उठा रहा है, उसे जाकर बता दें। जब युवती उसे जगाने उसके घर गई, तो रोहित सो रहा था। उसे उठाने की कोशिश करने के बाद जब वापस अपने घर आने लगी, तभी रोहित वहां आ धमका और पीड़िता से उलझ गया। झूमा-झपटी के साथ हाथ-घूंसे से मारपीट की। इस हमले में युवती का सूट फट गया। मारपीट से युवती को चोटें आ गई। चीख-पुकार सुनकर जब मोहल्ले के लोग इकट्ठा हुए, तो आरोपी युवती को जान से मारने की धमकी देता हुआ मौके से भाग निकला। घटना के बाद पीड़िता परिजनों के साथ हनुमानताल थाने पहुंची और रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।



# मनखेड़ी में आश्रय स्थल का भूमिपूजन

**सुकरी मंगेला, नवभारत।** ग्राम पंचायत मनखेड़ी में सोमवार को ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल की मौजूदगी में आश्रय स्थल का भूमि पूजन किया गया जिसमें मुख्यमंत्री के द्वारा 33 लाख रुपए की राशि प्रदान की गई। इस मौके पर विधायक नीरज सिंह ठाकुर द्वारा आश्रय स्थल का भूमि पूजन किया गया एवं साथ में बरगी ब्लॉक के अध्यक्ष बृज किशोर विश्वकर्मा, एवं मनकेड़ी के सरपंच विनोद सोनवानी, बलराम पटैल, संजय जैन ने सहयोग दिया।

# घर में भड़की आग, गृहस्थी जलकर खाक

▸ पनागर के सुभाष वार्ड में भीषण अग्निकांड

**पनागर, नवभारत।** पनागर के सुभाष वार्ड में सोमवार को आगजनी की घटना सामने आई है, जिसमें एक परिवार की जीवन भर की जमा पूँजी और गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार पनागर निवासी पवन बर्मन के घर में अचानक भीषण आग लग गई। लपटें इतनी तेज थीं कि देखते ही देखते घर के भीतर रखा सारा कीमती सामान आग की भेंट चढ़ गया। घटना की सूचना तत्काल पनागर दमकल विभाग को दी गई। दमकल कर्मी वाहन के साथ मौके पर पहुँचे भी, लेकिन एक बड़ी तकनीकी खामी के कारण आग पर काबू नहीं पाया जा सका। बताया जा रहा है कि दमकल वाहन की पाइपलाइन घर तक पहुँचने में छोटी पड़ गई, जिसके चलते पानी की बौछारें आग तक नहीं पहुँच सकीं और पवन बर्मन की पूरी गृहस्थी आँखों के सामने खाक हो गई।

इस संकट की घड़ी में स्थानीय रहवासियों ने अदम्य साहस और तत्परता का परिचय दिया। जैसे ही आग ने विकराल रूप धारण किया, वहाँ मौजूद लोगों ने अपनी जान जोखिम में डालकर घर के भीतर मौजूद सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकाला। स्थानीय लोगों की इस सक्रियता के कारण एक बड़ी जनहानि और अप्रिय घटना टल गई। आग इतनी भयावह थी कि इसे बुझाने में घंटों की कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। हालांकि प्रशासन और दमकल की पहुँच के बावजूद पाइपलाइन की समस्या के कारण समय पर आग न बुझ पाने को लेकर स्थानीय लोगों में मायूसी और आक्रोश भी देखा गया। फिलहाल आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है।

# पड़ोसियों ने सास-बहू से की मारपीट, दांत से काटा

**जबलपुर।** गोसलपुर थाना अंतर्गत बुढागर में एक स्व-सहायता समूह चलाने वाली महिला और उनकी बुजुर्ग सास के साथ पड़ोसियों ने मारपीट कर दी। विवाद की जड़ समूह की एक पासबुक बनी।

पुलिस के मुताबिक पीड़िता अंजना बाई काछी ने पुलिस को बताया कि वह गाँव में स्व-सहायता समूह संचालित करती हैं। उनके पड़ोस में रहने वाली अनीता बाई काछी भी इस समूह की सदस्य हैं, जिनकी पासबुक अंजना के पास रखी थी। सुबह करीब 11 बजे जब अनीता पासबुक मांगने आईं, तब अंजना अपनी सास अंजलि काछी को लेकर जरूरी काम से जबलपुर जा रही थीं। अंजना ने अनीता से कहा कि वे अगले दिन आकर पासबुक ले जाएं। इतनी सी बात पर अनीता बाई भड़क गईं और बुजुर्ग सास के साथ झूमा-झपटी व मारपीट शुरू कर दी। जब अंजना अपनी सास को बचाने दौड़ीं, तो अनीता की बेटी अनामिका काछी भी वहां पहुंच गई। दोनों ने मिलकर अंजना और उनकी सास के साथ मारपीट की। विरोध करने पर अनामिका ने अंजना की दाहिने हाथ की हथेली पर दांत से जोर से काट लिया, जिससे खून निकलने लगा। शोर सुनकर स्थानीय निवासी निधि काछी और कीर्ति पाण्डेय ने बीच-बचाव किया। इस झूमा-झपटी के दौरान अंजना के गले की माला भी कहीं गिर गई, जो काफी तलाशने के बाद भी नहीं मिली।

# हाईवे पर युवक, नहर किनारे बुजुर्ग का शव मिला



**नवभारत, जबलपुर।** बरगी थाना अंतर्गत एनएच 34 नागपुर से जबलपुर मार्ग पर एक युवक का शव पड़ा मिला। वहीं तिलवारा में नहर किनारे एक बुजुर्ग की लाश मिली। मृतक कौन हैं और कहां के रहने वाले हैं उनकी मौत कैसे और किन परिस्थितियों में हुई इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है । पुलिस दोनों ही मामलों में मर्ग कायम कर जांच कर रही है ।

बरगी पुलिस के मुताबिक गोकल प्रसाद चौकसे पिता स्व. ठाकुर प्रसाद चौकसे 73 वर्ष निवासी कालादेही मेन रोड बरगी ने सूचना दी कि वे किसान है। सोमवार दोपहर करीब 12:30 बजे कालादेही के पास एनएच 34 नागपुर से जबलपुर की आरे जाने वाले मार्ग पर एक युवक की लाश पड़ी मिली। मृतक की उम्र लगभग (40) होगी। इसी प्रकार तिलवारा पुलिस ने बताया कि रोहित वैदेही पिता ओमप्रकाश वैदेही (30) निवासी रमनगरा ने सूचना दी कि वे ऑटो चालक है। सुबह साढ़े दस बजे जब ऑटो लेकर जा रहा था तभी एक शव तिलवाराघाट बड़े पुल के पास नहर के पास पड़ा मिला। मृतक की उम्र लगभग 65 वर्ष के आसपास होगी। पुलिस दोनों ही मामलों में शवों को पीएम के लिए भिजवाते हुये मर्ग कायम कर मृतकों की शिनाख्तगी के प्रयास कर रही है। साथ ही थानों में दर्ज गुमशुदगी रिकॉर्ड को भी

# चोरी के शक में युवक को पीटा कॉलोनीवासियों पर प्रकरण दर्ज

**नवभारत, जबलपुर।** घमापुर थानांतर्गत विद्यानगर जीसीएफ स्टेट में चोरी के शक में एक युवक की बेरहमी से पिटाई कर दी गई। मामले में पुलिस ने कॉलोनीवासियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक विद्यानगर जीसीएफ निवासी अनुज चंद्र बीती रात करीब 11:15 बजे अपने दोस्त रोहित के साथ वापस लौट रहा था। रोहित ने उसे विद्यानगर कॉलोनी में उसके घर के पास छोड़ा। जब अनुज अपने घर क्वार्टर नंबर 187/02 की ओर जा रहा था, तभी कॉलोनी के सिक्योरिटी गार्ड रत्नेश ने उसे रोककर तलाशी लेनी शुरू की। तलाशी के दौरान अचानक तीन-चार लोग वहाँ पहुँचे और उसे 'चोर-चोर' कहकर अभद्रता करने लगे। अनुज ने उन्हें अपना परिचय दिया। स्पष्ट किया कि वह इसी कॉलोनी का निवासी है, लेकिन हमलावरों ने एक न सुनी। वे चिल्ला-चिल्लाकर भीड़ जुटाने लगे और अनुज के साथ लात-घूंसों से मारपीट शुरू कर दी। हंगामे की आवाज सुनकर अनुज की माँ ममता देवी और भाई आदित्य मौके पर पहुँचे और बीच-बचाव किया। अनुज के अनुसार, मारपीट करने वालों में मुख्य रूप से अमित चंदेल, दिवाकर कुमार शर्मा, किशोर ठाकुर और रैखलाल शामिल थे। जाते-जाते आरोपियों ने धमकी दी कि दोबारा मिला तो जान से खत्म कर देंगे।

# दुकान कर्मचारी को चाकू से गोदा

**जबलपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र में बदमाश ने दुकान कर्मचारी को चाकू से गोद दिया। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक सौरभ अहिरवार 19 वर्ष निवासी कन्याशाला के पीछे चेरीताल ने बताया कि वह कमानिया गेट के पास भारत कैप हाउस दुकान में काम करता है।

भारत कैप हाउस के बाहर बैठकर ग्राहकों का बुला रहा था तभी शाम लगभग 5-15 बजे यश बैन उसके पीछे से आया और जान से मारने की नियत से चाकू से उसकी पीठ पर वार करने लगा वह नीचे गिर गया तो चाकू से हमला कर उसके वायें पैर में चोट पहुँचा दी, यश बेन को वह बचपन से जानता है यश बेन के साथ बहुत पहले झगड़ा हो गया था तभी से बातचीत नहीं होती थी, जो उसे पहले भी जान से मारने की धमकी दे चुका था यश बेन ने पुराने झगड़ा को लेकर उसे जान से मारने की नियत से चाकू हमलाकर चोटें पहुँचाई हैं।

### इधर चाकू दिखा धमकाया

गोरखपुर थाने में मोहम्मद रियाजुल मंसूरी निवासी बेहना मोहल्ला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि अन्नू चक्रवर्ती, रितिक कटरिया, वीर तमिया, शिवा चक्रवर्ती, देवा बेन मिले जो उससे 700 रूपये मांगने लगे, तभी अनिकेत बैरागी भी आकर उससे पैसे मांगने लगा, उसने पैसे देने से मना किया तो उसके साथ मारपीट की गई। अन्नू चक्रवर्ती ने चाकू दिखा उसे धमकाया।

## हाईकोर्ट ने ग्राम रोजगार सहायक मार्गदर्शिका 2025 के क्रियान्वयन पर लगाई रोक

**जबलपुर।** हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति विशाल धगट की एकलपीठ ने प्रदेश के 23 हजार ग्राम रोजगार सहायकों के हक में बड़ी अंतरिम राहत दी है। इसके अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा जारी ग्राम रोजगार सहायक मार्गदर्शिका-2025 के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि आगामी आदेश तक मार्गदर्शिका के प्रविधान लागू नहीं किए जाएंगे। साथ ही किसी भी ग्राम रोजगार सहायक का स्थानांतरण नहीं किया जाएगा। याचिकाकर्ता ग्राम रोजगार सहायकों का पक्ष अधिवक्ता गोपेश्वर यश तिवारी ने रखा। उन्होंने दलील दी कि नई मार्गदर्शिका में सेवा शर्तों, स्थानांतरण प्रक्रिया और कार्यप्रणाली से जुड़े कई ऐसे प्रविधान शामिल हैं, जिनसे बड़ी संख्या में रोजगार सहायकों की सेवा स्थिरता प्रभावित हो सकती है।

# दस माह में 7359 करोड़ से अधिक का ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू अर्जित

**जबलपुर।** महाप्रबंधक द्वारा राजस्व बढ़ाने के निर्देशों और वाणिज्य परिचालन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों औरकर्मचारियों द्वारा किए गए समन्वित प्रयासों के परिणाम स्वरूप पश्चिम मध्य रेलवे ने चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल2025 से जनवरी 2026 तक यानि दस माह में रूपये 7359 करोड़ 15 लाख का कुल प्राम्भिक राजस्व अर्जितकिया है, जो पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि (रूपये 6773 करोड़ 31 लाख) की तुलना में 8.65 प्रतिशतअधिक है, तथा रेलवे बोर्ड द्वारा निर्धारित लक्ष्य (7221 करोड़ 52 लाख रूपये) ऑरिजनेटिंग रेवन्यू से लगभग 02 प्रतिशत अधिक है। ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू के मद वाइस आय पर नजर डालें तो यात्री यातायात से रुपये 2139 करोड़ 14 लाख, माल यातायात से रुपये 4884 करोड़ 57 लाख, अन्य कोचिंग मद में रुपये 153 करोड़ 71 लाखएवं विविध आय यानि संड्री से रुपये 181 करोड 72 लाख का रेलवे राजस्व प्राप्त किया है। चालू वित्तीय वर्ष के दसमाह में मण्डल वाइस बात करे तो जबलपुर मण्डल ने रूपये 4398 करोड़ 39 लाख, भोपाल मण्डल ने 1648 करोड़ 52 लाख एवं कोटा मण्डल ने रूपये 1312 करोड़ 24 लाख का कुल ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू अर्जित किया है।

# पंचमुखी और लाल मंदिर में चोरी

▸ चार तोला चांदी का मुकुट, दान पेटी से नगदी ले गए चोर

**नवभारत, जबलपुर।** मझौली थाना अंतर्गत कटाव स्थित प्रसिद्ध पंचमुखी मंदिर और लाल मंदिर में बीती रात अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर मंदिरों के ताले तोड़कर दान पेटी में जमा नगदी और भगवान की मूर्ति से चार तोला का चांदी का मुकुट चोरी कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक राजेंद्र सिंह ने सोमवार को रिपोर्ट दर्ज कराई कि वे कटाव पंचमुखी एवं लाल मंदिर की देखरेख करता है। रविवार रात करीब 11 बजे वे मंदिरों में ताला लगाकर पास ही स्थित लोढ़ा वाले महाराज जी के आश्रम में सोने चले गए थे। सोमवार सुबह जब वे करीब 7 बजे मंदिर पहुंचे, तो वहां के नजारे देख दंग रह गए। चोरों ने पंचमुखी मंदिर और लाल मंदिर, दोनों के ताले तोड़ दिए थे। दोनों मंदिरों की दान पेटियों के ताले टूटे मिले, जिनमें चढ़ावे के लगभग 20 हजार रुपये होने का अनुमान है। लाल मंदिर में स्थापित हनुमान जी की प्रतिमा से करीब 4 तोला वजनी चांदी का मुकुट भी गायब था, जिसकी कीमत लगभग 2 हजार रुपये बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही राजेंद्र सिंह ने मंदिर समिति के पंकज तिवारी और गौरव गर्गको सूचित किया। इसके बाद समिति सदस्यों के साथ थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## पुलिस गिरफ्त में शातिर चोर



**जबलपुर।** मझौली पुलिस ने काकरदेही में हुई चोरी का खुलासा करते हुए शातिर अपराधी अनुराग दुबे (23) को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी नेहरू सिंह खंडाते ने बताया कि पांच फरवरी की रात विष्णु शरण अग्रवाल के घर का ताला तोड़कर दो मोबाइल और 30,000 रुपये नकद पार कर दिए गए थे। पुलिस ने आरोपी को यज्ञशाला मैदान से पकड़ा जिसने जुर्म कबूल कर लिया है। उसके पास से चोरी के मोबाइल और शेष नकदी 1170 रूपये बरामद कर उसे जेल भेज दिया गया है। पकड़ा गया आरोपी आदतन अपराधी है, जिस पर पहले से मारपीट, आर्म्स एक्ट और विस्फोटक अधिनियम जैसे 10 मामले दर्ज हैं

# घटिया सामग्री से ब्रिज निर्माण, सुरक्षा में बरती लापरवाही

▸ ब्रिज का हिस्सा ढहने के मामले में दो पर दर्ज हुई एफआईआर



**जबलपुर ।** एनएच 45 रोड पर बने ओवरब्रिज शहपुरा का हिस्सा ढहने के मामलें में शहपुरा पुलिस ने दो के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है । जांच में पाया गया कि घटिया सामग्री से ब्रिज निर्माण कार्य कराया गया बल्कि सुरक्षा इंतजाम में घोर लापरवाही पाई गई। जिसके बाद अब मामले में ठेका लेने वाली कंपनी के संचालक विनोद जैन समेत टीम लीडर हुकुम सिंह परमार पर विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

जानकारी के मुताबिक राकेश मोरे ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वे संभागीय प्रबंधक मप्र सडक विकास निगम जबलपुर में पदस्थ है। एनएच 45 रोड पर बना ओवरब्रिज शहपुरा का एक तरफ का हिस्सा सितंबर 2025 में ढह जाने से मरम्मत का कार्य चल रहा था। इस दौरान एनएच 45 (पुराना एनएच 12) पर आवागमन वनवे चालू था। 22 फरवरी की शाम करीब 4.30 बजे ओवरब्रिज की दूसरी लेन क्षतिग्रस्त हो गई थी। मौके पर पहुंचकर जायजा लिया। घटना से कोई जनहानि नहीं हुई थी लेकिन आवागमन अवरुद्ध हो गया था।

झ जांच के दौरान पाया गया कि ठेका लेने वाली कंपनी में वागड़ इन्फ्रा प्रा लि एवं मेसर्स सोरथिया वेल्जी रतना (जे व्ही) कपनी लि. अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता विनोद जैन बसवारा (राजस्थान) व मेसर्स आई. सी. टी. प्रा. लि. नई दिल्ली के टीम लीडर हुकुम सिंह परमार के द्वारा उक्त ओवरब्रिज बनाने मे उपयुक्त सही सामग्री का उपयोग नहीं किया गया। ओवरब्रिज बनाने में मप्र सडक विकास निगम जबलपुर के दिये निर्देशो व दायित्वो का पालन नहीं किया गया। ब्रिज बनाने में आवश्यक सुरक्षा व ब्रिज की मजबूती को ध्यान में न रखते हुए ब्रिज निर्माण में घोर लापरवाही की गई है। ब्रिज निर्माण में लापरवाही बरतने व आवश्यक सुरक्षा के इंतजाम न करने के कारण एनएच 45 (पुराना एनएच 12) रोड शहपुरा के ब्रिज क्षतिग्रस्त पाया गया। जिसके चलते राष्ट्रीय राजमार्ग की सार्वजनिक संपत्ति को व्यापक आर्थिक हानि हुई, मार्ग से गुजरने वाले आम नागरिकों के जीवन एवं सुरक्षा को गंभीर खतरा उत्पन्न हुआ साथ ही यातायात बाधित होने से आमजन को भारी असुविधा एवं जोखिम उठाना पड़ा। पुलिस ने विनोद जैन व हुकुम सिंह परमार समेत अ न्य के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

समीक्षा — समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

# संकल्प से समाधान आवेदनों का त्वरित निराकरण करें : कलेक्टर

**नवभारत, जबलपुर।** सोमवार को आयोजित समय सीमा प्रकरणों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने संकल्प से समाधान अभियान के तहत क्लस्टर स्तर पर आयोजित शिविरों में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही योजनाओं का लाभ सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने शिविरों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने और जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने पर भी जोर दिया। आगामी त्योहारों को देखते हुए कलेक्टर ने अनुविभागीय दंडाधिकारियों को अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए।



### सीएम हेल्पलाइन में जिले को तीसरा स्थान

जनवरी माह में सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में जिले को प्रथम समूह में 'ए' रेटिंग के साथ तीसरा स्थान मिलने पर कलेक्टर ने अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने 50 दिनों से अधिक लंबित शिकायतों के प्राथमिकता से निराकरण और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### स्वच्छता सर्वेक्षण की तैयारियों पर जोर

स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 को लेकर नगरीय निकायों में चल रही तैयारियों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी कार्यालयों को स्वच्छ रखने और जनजागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए। नगर निगम आयुक्त ने नई गाइडलाइन के अनुरूप तैयारी और सिटीजन फीडबैक पर विशेष ध्यान देने की बात कही। बैठक में नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश अहिरवार, जिला पंचायत के सीईओ अभिषेक गहलोत, अपर कलेक्टर नाथूराम गौंड, स्मार्ट सिटी के सीईओ अनुराग सिंह सहित सभी एसडीएम और विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।